दिनांक : 01.01.2026

समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर रामभक्तों की ओर से भगवान श्रीराम को नमन किया।
- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने कल छह लेन वाले नाशिक-सोलापुर गलियारे को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसामान्य का स्वास्थ्य, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में लग्जरी बसे चलाई जायेंगी।

प्रधानमंत्री - अयोध्या जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मनाई जा रही राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने देश-विदेश में फैले राम भक्तों की ओर से भगवान श्री राम को नमन किया।

मंत्रिमण्डल - निर्णय

केन्द्रीय मंत्रमिण्डल ने कल छह लेन वाले नाशिक-सोलापुर गलियारे को मंजूरी दी। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नाशिक-सोलापुर गलियारा कई महत्वपूर्ण शहरों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि ...

इंदौर - दूषित पेयजल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनसामान्य का स्वास्थ्य, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल आपूर्ति से नागरिकों के संक्रमित होने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। घटना में लापरवाही पाये जाने पर जोन क्रमांक-4 के जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री एवं प्रभारी सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। प्रभारी उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मामले की गहन जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति भी गठित कर दी गई है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि दूषित पानी पीने के कारण आठ लोगों की मौत के मामले में राज्यसरकार ने तत्काल कार्यवाही करते हुए जांच के निर्देश दिये हैं।

नव वर्ष-2026

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर देश और विदेश के नागरिकों को शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। साथ ही आत्मचिंतन और नए संकल्पों का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सभी से राष्ट्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का आग्रह किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष नए संकल्पों, नई ऊर्जा और नए अवसरों का प्रतीक है। यह समय है कि हम बीते अनुभवों से सीख लेते हुए मध्यप्रदेश को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 के शुभ आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 नई ऊर्जा, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का संकल्प लेकर आया है। इसे हम मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों के समग्र विकास वर्ष के रूप में मनायेंगे। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष 2025 में उद्योग और निवेश के क्षेत्र में हमें जो उपलब्धियां मिलीं, वे प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। वर्ष 2026 इसी बुनियाद को और भी मजबूत करेगा। राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में नये साल का स्वागत आतिशबाजी और बॉलीवुड संगीत के साथ स्वागत किया।

परिवहन सुविधा

मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्रों में लग्जरी बसे भी चलाई जायेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि नव वर्ष में जल्द ही प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन भी होगा, जिससे गाँव-गाँव तक सस्ती और सुविधाजनक बस सेवा नागरिकों को मिलेगी।

आंगनवाड़ी-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'सशक्त नारी-समर्थ नारी संवाद' में कहा है कि नारी शक्ति समाज की प्रगति की आधारशिला है। प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के 4,767 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह भर्ती वर्ष 2025, फेज-2 के अंतर्गत की जा रही है।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है, जिसका सबसे ज्यादा असर प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में देखा जा रहा है। शहडोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे के बने रहने की संभावना जताई है। शहडोल जिले में शीत लहर का असर जारी है। पिछले 24 घंटो में भोपाल, शहडोल संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हुआ एवं शेष सभी संभागों के जिलों के विशेष परवर्तन नहीं रहा। ग्वालियर, रीवा, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में 2.5डिग्री सेल्सियस से 3.7डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में आगरमालवा जिले के ग्राम सुईगांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।
- खंडवा जिले में मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित कर मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हित किया जा रहा है। इन चिन्हित नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु शंकरा आई सेन्टर व चौइथराम फाउण्डेशन ट्रस्ट इन्दौर भेजा जाएगा।
- मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने प्रदेश के कई आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी है। जिसमें खंडवा, धार, झाबुआ, रीवा, भिंड के पुलिस अधीक्षकों के साथ ही एसआरपी रेल भोपाल, जबलपुर अधिकारी शामिल हैं।
- मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सरचार्ज में शत प्रतिशत छूट देने के लिए समाधान योजना 2025-26 का दूसरा चरण 01 जनवरी से शुरू होने जा रहा है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा।

-------

________